# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

## प्रेस नोट

- अकादमिक परिषद् की बैठक में सेमेस्टर से सम्बन्धित आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में विद्यार्थी हित में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय
- विश्वविद्यालय प्रशासन ने दिखाई संवेदनशीलता
- बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को दी गई राहत

जयपुर, दिनांक 02 दिसम्बर, 2025। विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् की बैठक आज दिनांक 02 दिसम्बर, 2025 को कुलगुरु सचिवालय में आयोजित की गई। प्रो. अल्पना कटेजा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) में बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सेमेस्टर से सम्बन्धित आ रही समस्याओं पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को एक और अवसर देने का निर्णय लिया है।

पिछले दिनों बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी आ रहे थे जिनके I/ II सेमेस्टर के पेपर्स Due रह जाने के कारण V सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे थे। अकादमिक परिषद् ने ऐसे विद्यार्थियों को एक और अवसर देने का निर्णय लिया। अकादमिक परिषद् के निर्णयानुसार जिन विद्यार्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उनके संशोधित परीक्षा परिणाम एक–दो दिवस में विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कर दिये जायेंगे। इसके पश्चात् प्रभावित विद्यार्थी पंचम सेमेस्टर (V Semester) में प्रवेश के लिये बुधवार, दिनांक 10 दिसम्बर, 2025 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें।

जनसम्पर्क अधिकारी
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर–302 004

NEP-2020 की स्कीम को विद्यार्थियों को सहज रूप से समझने के लिए निम्न सारणी को समझने एवं आवश्यक दिशा–निर्देशों की पालना करने की सलाह दी गई है:

## NEP स्कीम को ऐसे समझें

| वर्ष/सेमेस्टर | प्रोन्नत (Promoted) | बैक प्रोन्नत (Back Promoted) | प्रोन्नत नहीं (Not Promoted) |
|---|---|---|---|
| 1st Year (I & II Semester) | **कुल 52 क्रेडिट** (36 मेजर/माइनर + 16 अन्य) | दोनों सेमेस्टर मिलाकर **कम से कम 18 क्रेडिट (मेजर/माइनर)** तथा **8 क्रेडिट अन्य** प्राप्त हों। | **18 क्रेडिट (मेजर/माइनर)** से कम और/या **8 क्रेडिट अन्य** से कम* |
| 2nd Year (III & IV Semester) | **कुल 104 क्रेडिट** (1st Year के 52 क्रेडिट + 2nd Year के 52 क्रेडिट) | I & II Semester में **कम से कम 18 क्रेडिट (मेजर/माइनर)** तथा **8 क्रेडिट अन्य**, और/या III & IV Semester में **कम से कम 18 क्रेडिट (मेजर/माइनर)** तथा **8 क्रेडिट अन्य**। | **18 क्रेडिट (मेजर/माइनर)** से कम और/या **8 क्रेडिट अन्य** से कम# |
| 3rd Year (III & IV Semester) | **42 क्रेडिट** (18 क्रेडिट मेजर/माइनर + 4 क्रेडिट अन्य) | III में कुल 42 क्रेडिट से कम और/या 2nd Year में बैक प्रोन्नत। | ---- |
| **तीन वर्षीय डिग्री कार्यक्रम के लिए कुल** | 150 **क्रेडिट** | संभी प्रोन्नति संबंधी शर्तें पूर्ण होने पर भी **150 क्रेडिट से कम** | ---- |

* यदि CA (सतत मूल्यांकन) में क्लीयर है, तो छात्र/छात्रा I/II सेमेस्टर की शेष परीक्षा III & IV सेमेस्टर के साथ दे सकता/सकती है। यदि CA क्लीयर नहीं है, तो उसे I सेमेस्टर में पुनः प्रवेश लेकर Due पेपर्स (सतत् मूल्यांकन सहित) क्लीयर करने होंगे।

# यदि CA (सतत मूल्यांकन) में क्लीयर है, तो छात्र/छात्रा II & III सेमेस्टर की परीक्षा V & VI सेमेस्टर के साथ दे सकता/सकती है। यदि CA क्लीयर नहीं है, तो उसे III सेमेस्टर में पुनः प्रवेश लेकर Due पेपर्स (सतत् मूल्यांकन सहित) क्लीयर करने होंगे।



जनसम्पर्क अधिकारी
राजस्थान विश्वविद्यालय

3/3

**स्कीम से सम्बन्धित मुख्य बिन्दु :**

- सभी विषम सेमेस्टर्स (I/ III/ V/ VII) के विद्यार्थियों को सम–सेमेस्टर में प्रमोट किया जायेगा।
- विद्यार्थियों को EOSE में appear होने के लिए हर कोर्स का सतत् मूल्यांकन Clear करना एवं 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है।
- CA (सतत् मूल्यांकन) NEP-2020 का महत्वपूर्ण घटक है। यह विद्यार्थियों को लगातार कक्षाओं में आने और अपने पाठ्यक्रम के अलावा अन्य विधियों जैसे कि Projects (परियोजना), Assignments इत्यादि में भाग लेने से सम्बन्धित है जिससे उनका **रचनात्मक एवं योगात्मक मूल्यांकन समग्र विकास पर केन्द्रित दृष्टिकोण से हो**।
- CA (सतत् मूल्यांकन) एवं End of Semester **Exam में 40 प्रतिशत अथवा कम से कम 'C' ग्रेड** प्राप्त करना आवश्यक है।
- तीन/चार वर्ष के प्रोग्राम के दौरान **120 घन्टे/ तीन सप्ताह की इन्टर्नशिप पूर्ण करना आवश्यक है**। इन्टर्नशिप किसी भी संगठन, उच्च शिक्षण संस्था (HEI), परोपकारी संस्था, किसान, सरकारी संगठन, अनुसंधान एवं विकास संस्थान, अनुसंधान प्रयोगशाला, कारीगर, उद्यम, प्रतिष्ठित संस्था/ व्यक्ति, सहकारी संस्था, कार्पोरेट आदि से की जा सकती है। डिग्री प्राप्त करने से पूर्व इन्टर्नशिप पूर्ण करने का सर्टिफिकेट आवश्यक होगा।
- सभी महाविद्यालयों को विद्यार्थियों को NEP प्रावधानों को समझाने, सुविधाजनक बनाने हेतु **R & D Cell खोलने, 2 NEP काउन्सलर्स (परामर्शदाता), 1 इन्टर्नशिप नोडल ऑफिसर एवं इन्टर्नशिप सुपरवाइजर बनाने** एवं इन सबकी सूचना एवं उपलब्धता समय महाविद्यालय **नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने** की सलाह दी गई है। विद्यार्थी अपनी आवश्यकतानुसार इन सुविधाओं का लाभ लेकर अपने संशय दूर कर सकते हैं।
- शिक्षकों से भी इसमें यह अपेक्षा की गई है कि वे सतत् मूल्यांकन करते हुए विद्यार्थियों के **समग्र व्यक्तित्व विकास** पर फोकस करें एवं विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यक्तित्व उन्नयन के लिए प्रयासरत रहें।

जनसम्पर्क अधिकारी

जनसम्पर्क अधिकारी
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर-302004